प्रेस विज्ञप्ति

आर्य समाज के कार्य एवं समाज सुधार के लिए समर्पित थे स्वामी अग्निवेश
- डॉ. वेद प्रताप वैदिक, वरिष्ठ पत्रकार
स्वामी अग्निवेश जी व्यवस्था परिवर्तन में विश्वास रखते थे
- चै. वीरेन्द्र सिंह, पूर्व केन्द्रीय मंत्री
गरीब, मजदूर एवं महिलाओं के हक की लड़ाई लड़ते थे स्वामी अग्निवेश
- स्वामी आर्यवेश, प्रधान सार्वदेशिक सभा
वसुधैव कुटुम्बकम् एवं शांति के पक्षधर थे स्वामी अग्निवेश
- प्रो. विट्ठलराव आर्य, मंत्री सार्वदेशिक सभा
विश्व विख्यात आर्य संन्यासी स्वामी अग्निवेश जी का
प्रथम पुण्यतिथि समारोह पूर्वक सम्पन्न

नई दिल्ली
दिनांक - 11 सितम्बर, 2021
अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त आर्य संन्यासी, बंधुआ मजदूरों के मसीहा, दबे, कुचले लोगों की आवाज, सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के पूर्व प्रधान पूज्य स्वामी अग्निवेश जी की प्रथम पुण्यतिथि आज दिनांक 11 सितम्बर, 2021 (शनिवार) को कांस्टीट्यूशन क्लब, डिप्टी स्पीकर हाल, रफ़ी मार्ग , नई दिल्ली-1 में सम्पन्न हुई।

स्वामी अग्निवेश जी की प्रेरणा सभा के अध्यक्ष रहे वरिष्ठ पत्रकार डॉ. वेद प्रताप वैदिक जी ने स्वामी अग्निवेश जी के साथ अपने संस्मरणों को विस्तार से सुनाते हुए कहा कि स्वामी अग्निवेश जी ने भरी

जवानी में अपनी प्रोफेसर की नौकरी को ठोकर मारकर स्वामी दयानन्द जी द्वारा स्थापित आर्य समाज के कार्यों के लिए अपने आपको समर्पित कर दिया और उन्होंने अपने विचारों एवं कार्यों से आर्य समाज की पहचान विश्व स्तर पर बनाई।

इस अवसर पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पूर्व केन्द्रीय मंत्री चै. वीरेन्द्र सिंह जी ने स्वामी अग्निवेश जी के साथ अपने संस्मरण सुनाते हुए कहा कि स्वामी अग्निवेश जी एक अद्वितीय व्यक्तित्व थे। स्वामी अग्निवेश जी व्यवस्था परिवर्तन में विश्वास करते थे जिससे समाज का उपकार किया जा सके। आज हमें उनके विचारों की बार-बार याद आती है कि वे कितने दूरदर्शी थे।

इस अवसर पर सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान स्वामी आर्यवेश जी ने स्वामी अग्निवेश जी के संस्मरणों को संक्षिप्त में बताते हुए कहा कि स्वामी अग्निवेश जी अपनी पहचान गरीबों, मजदूरों के उद्धार तथा कुरीतियों के खिलाफ अपनी आवाज को बुलन्द करके बनाई। स्वामी अग्निवेश जी ने भारत ही नहीं अपितु कई अन्य देशों में अपने विचारों से लोगों को प्रभावित किया। स्वामी अग्निवेश जी ने सती प्रथा के खिलाफ आन्दोलन करके कानून बनवाये, कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ यात्रा निकालकर पूरे देश में जन-जागृति फैलाने का कार्य किया। स्वामी अग्निवेश जी विश्व के कई संगठनों में अध्यक्ष एवं सदस्य रहते हुए मानवता के लिए अनेक उपयोगी कार्य किये।

सार्वदेशिक सभा के मंत्री प्रो. विट्ठलराव आर्य जी ने कहा कि स्वामी अग्निवेश जी साम्प्रदायिकता के विरोधी तथा शांति के पक्षधर थे। सभी धर्मों के बीच समन्वय कर विश्व स्तर पर शांति स्थापित करने और विश्व सरकार बनाने के हिमायती थे। इसलिए उन्होंने हमेशा वसुधैव कुटुम्बकम की आवाज को बुलन्द करते रहे। इसकी आवश्यकता आज प्रबुद्ध लोग महसूस करते हैं।

सर्वधर्म संसद के अध्यक्ष गोस्वामी सुशील जी महाराज ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्वामी अग्निवेश जी हम सबके प्रेरणा स्रोत हैं, हमारा उनसे 2005 में सम्पर्क हुआ और तब से हम स्वामी अग्निवेश जी के विचारों के कायल हो गये और उनके कंधे से कंधा मिलाकर समाजोपयोगी कार्यों में लगे हुए हैं। गोस्वामी जी ने कहा कि स्वामी अग्निवेश जी ने सर्वधर्म संसद के माध्यम से सभी धर्म के संतों को एक मंच पर आकर काम करने के लिए प्रेरित किया और समाज में फैली विकृतियों को खत्म करने के लिए कार्य करने को कहा। आज वे हमारे बीच में नहीं हैं परन्तु उनके विचार एवं प्रेरणा हमारे दिलों में हैं और हम सबको उनके कार्यों एवं विचारों से प्रेरणा लेकर आगे कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए।

स्वामी अग्निवेश जी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मिशन आर्यावर्त के निदेशक स्वामी आदित्यवेश जी ने बताया कि स्वामी अग्निवेश जी का जन्म ब्राह्मण कुल में हुआ था और उन्होंने अपने घर से ही पाखण्ड एवं अन्धविश्वास की खिलाफत शुरू की और कहा कि यदि इसी तरह से पाखण्ड पूरे देश और समाज में है तो हमें इस पर कार्य करना होगा और उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज को समर्पित कर दिया। हम सबको स्वामी अग्निवेश जी के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे कार्य करने की आवश्यकता है।

इनके अतिरिक्त राजस्थान सभा के प्रधान श्री बिरजानन्द एडवोकेट, गुरुद्वारा प्रबन्ध कमेटी के सरदार परमजीत सिंह चण्डोक जी, सर्व धर्म संवाद के अध्यक्ष श्री मनु सिंह, वर्ल्ड पीस आर्गेनाइजेशन के महामंत्री श्री मौलाना एजाज शाहीन कासमी जी, श्री सलीम इंजीनियर जी तथा अन्य लोगों ने अपने-अपने विचार रखे। इस अवसर पर बेटी अभियान की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संयोजक बहन पूनम एवं प्रवेश आर्या, डा॰. मुमुक्षु आर्य, राजस्थान से श्री भंवर लाल आर्य सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम का संचालन सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के यशस्वी मंत्री प्रो. विट्ठलराव आर्य जी ने बड़ी कुशलता के साथ किया। इस अवसर पर स्वामी अग्निवेश जी द्वारा मुक्त कराये गये पाँच बंधुआ मजदूरों को सम्मानित भी किया गया।

जावेद
निदेशक
बंधुआ मुक्ति मोर्चा
7011774973